# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2024) दिनांक : 18.12.2024

समय सीमा : 3 घंटा पंचम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

## महात्मा महाप्रज्ञ–50

प्र. 1 किन्हीं तेरह प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 13

(क) आचार्य महाप्रज्ञ जी को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार कब और कहां प्राप्त हुआ?

(ख) श्री महाप्रज्ञ जी ने सर्वाधिक चातुर्मास कहां किये?

(ग) कौन से आचार्यों ने दिव्यशक्ति की आराधना की थी?

(घ) आचार्य महाप्रज्ञ जी ने आचार के मूल आधार किन्हें बताया?

(ड़) अन्तिम समय में आचार्य महाप्रज्ञ जी किस ग्रन्थ पर प्रवचन कर रहे थे?

(च) अहिंसा यात्रा के दौरान किन-किन राज्यों की सरकारों ने आचार्य महाप्रज्ञ जी को 'राजकीय अतिथि' से सम्मानित किया?

(छ) आचार्य महाप्रज्ञ जी ने धर्मसंघ के साधु-साध्वियों के लिए अनुशासन संहिता कब और कहां लागू की?

(ज) आचार्य विद्यानन्द जी ने साधु की माता किसे बताया?

(झ) आचार्य तुलसी ने युवाचार्य महाप्रज्ञ को पूर्ण रूप से प्रशासनिक दायित्व से कब और किस अवसर जोड़ा?

(ञ) 'इनको अतीन्द्रिय ज्ञान हुआ है ऐसा लगता है' यह कथन श्री महाप्रज्ञ जी के लिए किसने कहा और कहां कहा?

(ट) श्री महाप्रज्ञ जी ने कौन से उपक्रम का नाम 'जीवन विज्ञान' रखा?

(ठ) मुनि नथमल के दिल्ली के पृथक चातुर्मास के समय आचार्य तुलसी ने हिसार से किन तीन संतों को दिल्ली भेजा?

(ड) श्री महाप्रज्ञ जी ने चश्मे का प्रयोग कहां और किसके परामर्श से प्रारम्भ किया?

(ढ) पुणे में श्री महाप्रज्ञ जी ने कौन से दो विषयों पर आशु काव्य की रचना की?

(ण) श्री महाप्रज्ञ जी ने भोजन में संयम व गरिष्ठ भोजन का परिहार कब प्रारम्भ किया?

प्र. 2 कोई चार प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 10

(क) श्री महाप्रज्ञ जी के दीक्षोत्सव के अवसर पर बनोले आदि की जिम्मेदारी किन व्यक्तियों ने निभायी?

(ख) मुनि नथमल जी के साथ कौन-कौन सी साध्वियों ने दीक्षा ली?

(ग) दीक्षा के एक साल बाद श्री महाप्रज्ञ जी ने विकास के कौन से सूत्र निर्धारित किये?

(घ) मुनि श्री चम्पालाल जी 'मीठिया' में क्या-क्या विशेषताएं थी?

(ड़) जयपुर के मेडिकल कॉलेज में आचार्य महाप्रज्ञ जी ने डॉ. खूंटेटा को क्या बताया?

प्र. 3 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 12

(क) 'मुनि तुलसी का बाल साधुओं पर अनूठा अनुशासन' पर संक्षेप में दो घटनाक्रम लिखें।

(ख) सिद्ध करें कि श्री महाप्रज्ञ संघर्ष के समय गुरूदेव तुलसी के साथ विशिष्ट सहयोगी के रूप में रहे।

(ग) डॉ. रोथ की अनुभव प्रवणता पर प्रकाश डालें।

(घ) महाप्रज्ञ जी द्वारा 'विज्ञान भवन' दिल्ली में दिया गया मानवता के नाम दिये गये सन्देश को लिखें।

प्र. 4 श्री महाप्रज्ञ जी के संस्कृत के विकास पर सारगर्भित लेख लिखें। 15

***अथवा***

विकास महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान में यह किस रूप में मनाया जा रहा है? लिखें।

## आचार्य महाश्रमण–30

प्र. 5 कोई सात प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 7

(क) आचार्य महाश्रमण जी को साझपति कब और कहां बनाया गया?

(ख) आचार्य महाश्रमण जी के पदाभिषेक के समय कितने रत्नाधिक संत धर्मसंघ में विराजमान थे?

(ग) तेरापंथ धर्मसंघ में साधु-साध्वियों के लिए कितने वर्षों की सेवा अनिवार्य है?

(घ) मेवाड़ यात्रा के दौरान महाश्रमण जी ने कौन सा पुराना विवाद सुलझाया?

(ड़) तेरापंथ धर्मसंघ में अब तक कितने युवाचार्य हुए हैं? युवाचार्य महाश्रमण ने कितने को नमन किया?

(च) 'अब गत्ता क्यों? पट्ट का उपयोग करो' यह कथन महाश्रमण जी को किसने और कब कहा?

(छ) महाश्रमण पद की नियुक्ति के बाद उन्हें कौन से कार्य का दायित्व दिया गया?

(ज) मुनि मुदित कुमार जी ने पूज्यवर की पात्र-वहन की सेवा कितने वर्षों तक की?

प्र. 6 कोई दो प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 5

(क) दीक्षा से पूर्व मोहन ने कौन-कौन से थोकड़े सीखे?

(ख) मोहन ने साधु और गृहस्थ जीवन के कौन-कौन से कष्टों का चिन्तन किया?

(ग) शमोद्भुतोद्भुतं रूपं, सर्वत्मसु कृपाद्भुता।
सर्वाद्भुतनिधीशाय, तुभ्यं भगवते नमः।।
यह श्लोक महाश्रमण जी पर किस प्रकार घटित हो रहा है?

(घ) पूज्य गुरूदेव तुलसी ने तपस्या के कौन-कौन से प्रकार बताये?

प्र. 7 कोई तीन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 18

(क) मोहन द्वारा दीक्षा के लिए 'आज्ञा प्राप्ति के प्रयत्न' पर प्रकाश डालें।

(ख) दीक्षा हेतु निवेदन करने हेतु वैरागी मोहन ने आचार्य तुलसी के समक्ष 'अपनी बात' को कैसे प्रस्तुत की?

(ग) युवाचार्य मनोनयन के अवसर पर युवाचार्य महाश्रमण जी ने कौन-कौन सी मंगलकामनाएं की?

(घ) सिद्ध करें कि आचार्य महाश्रमण जी महाश्रमिक व महातपस्वी हैं।

## तेरापंथ प्रबोध–10

प्र. 8 कोई तीन पद्य लिखें– 10

(क) लाभालाभे....................................दुधार हो।

(ख) हो आदेश....................................मनुहार हो।

(ग) 'गणधारी हो ब्रह्मचारी' गीत वाला पद्य।

(घ) 'भिक्षू-भिक्षू-भिक्षू म्हारी आत्मा पुकारै।' गीत वाला पद्य।

(ङ) 'बदले युग की धारा' गीत वाला पद्य।

## तुलसी प्रबोध–10

प्र. 9 कोई तीन पद्य लिखें– 10

(क) निरख-निरख...............................................साझीदार हो।

(ख) मुनि तुलसी री...............................................कानकुमार हो।

(ग) युवाचार्य मनोनयन वाला पद्य।

(घ) धवल समारोह वाला पद्य।

(ङ) भोजन रो क्रम...............................................अगदंकार हो।